रोटावेटर की चपेट में आने से बालक की मौत

महादेवा, बस्ती।मुंडेरवा थाना क्षेत्र के दत्तुआखोर गांव में गुरुवार सुबह 10 बजे कच्ची सड़क के गड्ढे को समतल करने के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रैक्टर में लगे रोटावेटर की चपेट मे आने से एक 10 वर्षीय बालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।जानकारी के अनुसार, गांव में भट्ठे से ईंटों की ढुलाई के चलते सड़क पर गड्ढे बन गए थे। गुरुवार सुबह ट्रैक्टर से इन गड्ढों को भरकर सड़क समतल करने का काम किया जा रहा था। इसी दौरान आसपास मौजूद कुछ बच्चे ट्रैक्टर पर लगे रोटावेटर पर चढ़ने की कोशिश करने लगे। तभी अंश पुत्र धर्मेंद्र का पैर फिसल गया और वह ट्रैक्टर व रोटावेटर के बीच आ गया। रोटावेटर की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।हादसा इतना अचानक हुआ कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए। बताया जा रहा है कि अंश अपने पिता का इकलौता बेटा था।



उससे पहले परिवार में तीन बेटियां हैं। इकलौते बेटे की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बेटी को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ते-लड़ते पिता ने तोड़ा दम

बस्ती। लालगंज थाना क्षेत्र के सिद्धनाथ गांव में पांच वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी और हत्या के मामले में एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। बेटी को न्याय दिलाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे पिता लगभग 30 वर्षीय राजू ने बीमारी के चलते इलाज के दौरान गोरखपुर मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान 11 नवम्बर बुधवार को दम तोड़ दिया। पिता की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं, करीब 15 महीने बीत जाने के बाद भी मासूम बच्ची के साथ हुई दरिंदगी और हत्या के मामले का खुलासा नहीं हो सका है और न ही अब तक आरोपी की गिरफ्तारी हो पाई है।बताया जाता है कि मासूम बच्ची के साथ हुई जघन्य घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया था। बच्ची के शव की हालत देखकर डॉक्टर भी हैरान रह गए थे। घटना के बाद से ही पीड़ित पिता अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए लगातार संघर्ष कर रहे थे। इसी बीच



वह गंभीर बीमारियों से जूझने लगे और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।पिता के निधन की दुखद सूचना मिलने पर समाजसेवी रवि प्रकाश, भीम युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू राव, अजय उर्फ प्रमोद, संदीप कुमार, अवनीश प्रभात, अंकुश राज, रवि गौतम सहित कई लोग पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।वहीं, आरके आरतियन, पूर्वांचल जोन अध्यक्ष भारत मुक्ति मोर्चा, हृदय गौतम, सरिता भारती सहित अन्य लोगों ने भी परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मासूम बच्ची को न्याय दिलाने की लड़ाई अब भी जारी रहेगी। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सभी लोग एकजुट होकर संघर्ष करेंगे और मामले में दोषियों की गिरफ्तारी तथा घटना का खुलासा कराने के लिए आवाज उठाएंगे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर 15 महीने बीत जाने के बाद भी मासूम बच्ची को इंसाफ क्यों नहीं मिला? बेटी को न्याय दिलाने की आस में संघर्ष कर रहे पिता की मौत के बाद अब परिवार को न्याय की उम्मीद समाज और प्रशासन से है।

श्रीरामलीला के मंच से गूंज उठीं मानस की चौपाइयां, बच्चों ने सजीव किए रामलीला के प्रसंग

बस्ती। सनातन धर्म संस्था, बस्ती द्वारा सातवें वर्ष आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव का गुरुवार को गोविन्द राम सक्सेरिया इंटर कॉलेज के प्रांगण में श्रद्धा एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन के साथ हुआ भूमि पूजन में यजमान के रूप में डॉव सत्येंद्र ओझा, डॉव ऋचा ओझा उपस्थित रहे।श्रीरामलीला महोत्सव आयोजन समिति के संयोजन में आयोजित इस महोत्सव के प्रथम दिन विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी अभिनय प्रतिभा और भावपूर्ण संवादों से रामलीला के विभिन्न प्रसंगों को मंच पर सजीव कर दिया। रामचरितमानस की चैपाइयों, भक्ति गीतों और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।प्रथम प्रस्तुति में दिल्ली स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बस्ती के विद्यार्थियों ने नारद मोह प्रसंग का प्रभावशाली मंचन किया। देवर्षि नारद की तपस्या, कामदेव के प्रयासों की विफलता, उनके मन में उत्पन्न अहंकार और भगवान विष्णु की लीला के माध्यम से मोहभंग की कथा को बाल कलाकारों ने सुंदर अभिनय के साथ प्रस्तुत किया। इस प्रसंग के माध्यम से अहंकार त्यागने और भक्ति में विनम्रता बनाए रखने का संदेश दिया गया।इसके पश्चात डॉन वास्को स्कूल, बस्ती के विद्यार्थियों ने पृथ्वी की पुकार एवं भगवान श्रीराम जन्म की लीला का भावपूर्ण मंचन किया। पृथ्वी पर बढ़ते अत्याचारों और अधर्म से व्यथित धरती माता की पुकार, देवताओं की प्रार्थना तथा भगवान विष्णु के श्रीराम रूप में अवतरण के प्रसंगों को विद्यार्थियों ने जीवंत कर दिया। अयोध्या में भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य आते ही पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। दर्शकों ने करतल ध्वनि से बाल कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।रामलीला के सूत्रधार एवं व्यास राजा बाबू पांडे ने अपनी सधी हुई वाणी, रामचरितमानस की चैपाइयों और प्रसंगानुकूल व्याख्या से दोनों लीलाओं को अत्यंत अर्थपूर्ण बनाया। उन्होंने नारद मोह प्रसंग के माध्यम से अहंकार त्यागने तथा पृथ्वी की पुकार और श्रीराम जन्म प्रसंग के माध्यम से धर्म की स्थापना एवं लोककल्याण के लिए भगवान के अवतरण का महत्व समझाया। उनकी भावपूर्ण व्याख्या ने दर्शकों को रामलीला के आध्यात्मिक और जीवनोपयोगी संदेशों से जोड़े रखा।दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां इस दृष्टि से भी विशेष रहीं कि बच्चों ने केवल पात्रों का अभिनय ही नहीं किया, बल्कि रामलीला में निहित त्याग, तपस्या, विनम्रता, कर्तव्यनिष्ठा और धर्मपालन जैसे जीवन मूल्यों को भी प्रस्तुत किया। यह आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने का सुंदर प्रयास है।श्रीरामलीला महोत्सव के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक कर्तव्यों का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। भगवान श्रीराम का जीवन आदर्श पुत्र, भाई, पति, मित्र और राजा के रूप में संपूर्ण मानव समाज को मर्यादा एवं कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।आयोजन के दौरान भगवान श्रीराम की आरती की गई, जिसमें अतुल चित्रगुप्त, गोपाल त्रिपाठी, हरीश त्रिपाठी, शत्रुघन प्रसाद श्रीवास्तव, डॉ रोहन दूबे, राजेश मिश्र, कात्यायिनी दूबे, पूजा दूबे, सुनील सिंह, एन के वर्मा, हुसैन, श्रवण कुमार, अभिषेक मणि त्रिपाठी, भोला नाथ चैधरी, स्वाति सिंह,राम प्रकाश, दयाभान सिंह, अंकुर यादव, पंकज त्रिपाठी, अनुराग शुक्ल, अभय त्रिपाठी सहित अनेक श्रद्धालु, अभिभावक, धर्मप्रेमी जन एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

◆सनातन धर्म संस्था, बस्ती द्वारा सातवें वर्ष आयोजित श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ

बैटरियां गायब होने के मामले में दो युवक गिरफ्तार

श्रृंगीनारी,हर्रैया (बस्ती)। क्षेत्र में चोरों के हौसले ऐसे बुलंद हैं कि अब लोगों की बैटरियों पर भी उनकी नजरें पहुंच गई हैं। कहीं पानी की टंकी तो कहीं अन्य स्थानों से बैटरियां गायब होने के मामले में परसरामपुर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे और निशानदेही पर चोरी की चार बैटरियां, वारदात में इस्तेमाल टीवीएस बाइक, दो मोबाइल फोन और 220 रुपये नकद बरामद किए हैं।

पुलिस के मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर 12 नवंबर को रजवापुर सड़क पर लालपुर कूड़ा घर के पास तिराहे से लवकुश चौहान पुत्र चन्द्रबली और इरफान पुत्र अनवर निवासी नटौवा, थाना छावनी को गिरफ्तार किया गया। बरामद बैटरियां पानी की टंकी मेढ़इया शुक्ल समेत अन्य स्थानों से चोरी की गई थीं। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के बाद दो आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया। फिलहाल पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद आरोपियों की बैटरी तो चार्ज नहीं हो पाई, लेकिन क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को लेकर लोगों की चिंता जरूर बरकरार है।



विधानसभा की संगठनात्मक बैठकों में बूथ मजबूती और विधान चुनाव की तैयारियों पर मंथन

हर्रैया(बस्ती)।भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र की अध्यक्षता में गुरुवार को जनपद की हर्रैया एवं कप्तानगंज विधानसभा में विधानसभा वार संगठनात्मक बैठकें की गईं। प्रातः 11 बजे हर्रैया ब्लॉक सभागार में 307 हर्रैया विधान सभा तथा दूसरी बैठक दोपहर 2 बजे कप्तानगंज ब्लॉक सभागार में 308 कप्तानगंज विधानसभा की बैठक सम्पन्न हुई।

आगामी विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा तथा बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित इन बैठकों में कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठकों के मुख्य अतिथि बस्ती जिला प्रभारी एवं क्षेत्रीय महामंत्री डॉ. सत्येंद्र सिन्हा रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में हर्रैया विधानसभा प्रभारी लालजी त्रिपाठी तथा कप्तानगंज विधानसभा प्रभारी सेतुबान राय रहे।मुख्य अतिथि डॉ. सत्येन्द्र सिन्हा ने



कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों को मजबूत बनाने के लिए पूरी सक्रियता से जुटना होगा पन्ना प्रमुख शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ प्रमुख एवं बूथ समितियों के बीच बेहतर समन्वय और आपसी संवाद स्थापित करना आवश्यक है। सभी कार्यकर्ता मिलकर जिम्मेदारी के साथ कार्य करें ताकि संगठन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभाव बूथ स्तर तक दिखाई दे।उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं आम जनता तक पहुंच रही हैं।कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे और कहीं कोई समस्या हो तो उसके समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। संगठन द्वारा निर्धारित कार्यों को धरातल पर प्रभावी ढंग से उतारने से ही संगठन और अधिक मजबूत होगा। बैठकों में हर्रैया विधायक अजय सिंह, कप्तानगंज के पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश शुक्ल, जिला महामंत्री अमृत कुमार वर्मा, राजेश त्रिपाठी, राजकुमार शुक्ला, राधेश्याम कमलापुरी, सुनील सिंह, वीरेन्द्र गौतम, रामसिंगार ओझा, विनय सिंह भारद्वाज, अखण्ड प्रताप सिंह, विनय शंकर मिश्र, अमित चतुर्वेदी, जवाहर जैसवाल, शिवचरन जायसवाल, ओमकार सिंह, अमरनाथ शर्मा, राजेश कमलापुरी, मनोज पाठक, गौरवमणि त्रिपाठी एवं गंगेश सिंह सहित मंडलो के पदाधिकारी पूर्व पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कुंआनों को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य को लेकर कुंआनों आरती की तैयारियां पूरी

बस्ती । की जा चुकी है। अमहट घाट स्थित सिद्धेश्वरनाथ मंदिर के निकट शुक्रवार 13 नवम्बर को शाम 5 बजे से कुंआनों आरती आरम्भ हो जायेगी। चित्रांश क्लब संस्थापक राजेश चित्रगुप्त के शिवनगर तुरकहिया स्थित आवास पर हुई तैयारी बैठक में कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। तैयारी बैठक में चित्रांश क्लब अध्यक्ष शेष नारायण गुप्ता, महिला विंग अध्यक्ष संजू श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष कुंआनों आरती की और भव्य तैयारियां की गई है। भव्य आरती, झांकी के साथ भजन संध्या के साथ ही विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है।



तैयारी बैठक में मुख्य रूप से दिनेश श्रीवास्तव 'मास्टर साहब' संरक्षक अंकुर वर्मा, सन्तोष सिंह, रामकमल सिंह, राजन गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, रत्नाकर श्रीवास्तव 'आदर्श', प्रकाश मोहन श्रीवास्तव, अविनाश श्रीवास्तव, राम गोपाल गुप्ता, दीपू श्रीवास्तव, अतुल कुमार दद्दल, रेखा चित्रगुप्त, सर्वेश श्रीवास्तव, परमेश्वर शुक्ल 'पप्पू', लक्ष्मी अरोरा, संध्या दीक्षित, अर्चना श्रीवास्तव, शैल पाण्डेय, सुमन श्रीवास्तव, रागिनी गुप्ता, संज्ञा श्रीवास्तव, अतुल चित्रगुप्त, उमंग शुक्ला, वरूण यादव, डा. वी.के. श्रीवास्तव, शेष नरायन गुप्ता, मुजीब अंसारी, अयाजुर्रहमान, जी. रहमान, डा. कृष्ण कुमार प्रजापति, वरुण यादव,करुण सिंह के साथ ही चित्रांश क्लब पदाधिकारी, सदस्य और सामाजिक सरोकरों से जुड़े अनेक संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहे।

चीनी मिल बभनान में इंडेट पूजा सम्पन्न

बभनान बस्ती । पूर्वांचल की चर्चित सुगर मिल बभनान गोंडा में आज विधिवत पूजा कर इंडेट कार्य का शुभारंभ कर दिया गया।अब पर्ची की सप्लाई शुरू हो जायेगी। मुख्य महाप्रबंधक चीनी मिल सुधीर कुमार सिंह ने इंडेट पूजा की शुरुआत की मौके पर गन्ना महाप्रबंधक दिनेश राय सहित अधीनस्थ अधिकारी मौजूद रहे। श्रम कल्याण अधिकारी के पी सिंह सुरक्षा अधिकारी आर आर सिंह भी मौजूद रहे ।

अरबन कोआपरेटिव बैंक अधिकारियों पर फर्जी निकासी और धमकी देने का आरोप, पुलिस से शिकायत

बस्ती।उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में अर्बन कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड की गांधी नगर शाखा से जुड़ा धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। बेलाड़ी के रानीपुर निवासी आशीष कुमार सिंह ने बैंक के सचिव और शाखा प्रबंधक पर खाते से फर्जी तरीके से पैसे निकालने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए चैकी प्रभारी को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया पीड़ित आशीष कुमार सिंह के अनुसार, गांधी नगर स्थित अर्बन कोआपरेटिव बैंक शाखा में उनका बचत खाता संख्या 111001537901 संचालित है। उन्होंने बताया कि वह अपने खाते का लेनदेन केवल बैंक से जारी चेकबुक के जरिए ही करते हैं। इसके बावजूद 29 दिसंबर 2025 को उनके खाते से फर्जी विड्रॉल फॉर्म के जरिए ?3,000 की निकासी कर ली गई। इस बात की जानकारी उन्हें तब हुई जब वह 22 अक्टूबर 2026 को खाते में पैसे जमा करने पहुंचे।पीड़ित का आरोप है कि बैंक कर्मचारियों से पूछताछ करने पर अधिकारियों से बात की, तो उनके साथ कथित तौर पर गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी देते



पता चला कि बैंक के सचिव अशोक कुमार पाण्डेय और शाखा प्रबंधक अमितेश श्रीवास्तव ने साजिश के तहत फर्जी फॉर्म लगाकर यह रकम निकाल लिए है। जब उन्होंने इस संबंध में दोनों अधिकारी लंबे समय से निष्क्रिय पड़े खातों से फर्जी विड्रॉल के जरिए छोटी-छोटी रकमें निकालकर गबन हुए अंजाम भुगतने की बात कही गई। पीड़ित का कहना है कि यह पूरी घटना बैंक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकार्ड है।शिकायती पत्र में यह आशंका भी जताई गई है कि दोनों कर रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोनों अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन १२ दिसम्बर को

बस्ती। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश शमसुल हक के मार्गदर्शन में दिनांक 12 दिसम्बर 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय, कलेक्ट्रेट मुख्यालय एवं समस्त तहसील मुख्यालयों में किया जायेगा।

उक्त जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र कुमार-प्रथम ने दी है।उन्होने बताया गया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा-138 से सम्बन्धित मामलें, बैंक वसूली से सम्बन्धित मामलें, मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, पारिवारिक वादों, भूमि अधिग्रहण से सम्बन्धित वादों, विद्युत एवं जलकर विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), सर्विस में वेतन सम्बन्धी विवाद एवं सेवानिवृत्त लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व सम्बन्धी वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, आर्बिट्रेशन (हायर पर्चेज एग्रीमेंट से उत्पन्न विवाद) एवं उक्त के अतिरिक्त ऐसे अन्य प्रकार के जिन वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर हो सकता है, उन्हें भी अधिक से अधिक संख्या में नियत कर निस्तारित किया जायेगा।

मारपीट के मामले में 6 गिरफ्तार

बस्ती। कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर विवाद और मारपीट पर आमादा छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक रामशंकर पाण्डेय पुलिस टीम के साथ सिविल लाइन क्षेत्र में शांति व्यवस्था ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान दो पक्षों के बीच कहासुनी होने लगी। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे हाथापाई और मारपीट पर उतारू हो गए। इसके बाद पुलिस ने आर्यन मिश्रा, सनी राजभर और विशाल राजभर को हिरासत में ले लिया।वहीं, मूर्ति विसर्जन ड्यूटी से लौट रहे उपनिरीक्षक हरि राय को खीरीघाट भटोलवा में कुछ लोगों के नशे की हालत में आपस में विवाद करने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने विजय, जितेंद्र और अंकुर को आक्रामक स्थिति में पाया। तीनों के खिलाफ भी शांति व्यवस्था के दृष्टिगत कार्रवाई की गई।कोतवाली पुलिस ने दोनों मामलों में कुल छह लोगों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय रवाना कर दिया।

शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में पांच गिरफ्तार

बस्ती। जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रुधौली पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी का शांति भंग में चालान करते हुए न्यायालय भेज दिया। पुलिस टीम ने पिपरपाती गांव निवासी तजम्मुल हुसैन, अकबाल हुसैन, मोहम्मद सहरेयार, मोहम्मद अली और सुफियान को गिरफ्तार किया।

युवती को भगाने वाला आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार, पीड़िता सकुशल बरामद

बस्ती। शादी का झांसा देकर युवती को भगाने के मामले में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को दुबौलिया पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीड़िता को भी सकुशल बरामद कर नियमानुसार उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार, थाना दुबौलिया में दर्ज मुकदमें से संबंधित वांछित अभियुक्त पवन कुमार की तलाश की जा रही थी।पुलिस टीम ने 9 नवंबर को रात महाराष्ट्र के पंढरपुर थाना क्षेत्र स्थित शिंदे चैक, इसबाबी से आरोपी पवन कुमार (25) पुत्र रामकरन निवासी ग्राम केकराई, थाना नगर, जनपद बस्ती को गिरफ्तार कर लिया। इसी दौरान संबंधित पीड़िता को भी सकुशल बरामद कर लिया गया। पीड़िता को आवश्यक कार्रवाई के बाद उसके परिवारजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



कलवारी हत्याकांड में एक और गिरफ्तारी, प्रेमचंद यादव चढ़ा पुलिस के हत्थे

बस्ती। कलवारी थाना क्षेत्र के ताहिरपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुए खूनी संघर्ष में शिक्षिका की मौत के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को हत्या के मामले में वांछित प्रेमचंद यादव (52) निवासी ताहिरपुर को डकही मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, 10 नवंबर को ताहिरपुर गांव में दो पक्षों के बीच विवाद के दौरान लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से हमला किया गया था। इस घटना में अखिलेश यादव की मां की मौत हो गई थी, जबकि उनके पिता, छोटी बहन और वह स्वयं घायल होकर बेहोश हो गए थे।मामले में कलवारी थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया था।



सड़क दुर्घटना में घायल बुलेट सवार की हालत गंभीर

विक्रमजोत, हर्रैया (बस्ती)। लखनऊ गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस सवारी उतारने के लिए खड़ी थी। इसी दौरान अयोध्या की तरफ से आ रहे बुलेट मोटरसाइकिल सवार खड़ी बस से भिड़ गए और सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों व राहगीरों ने घायल को उठाकर सड़क से नीचे किया और अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 पर फोन किया। बताया गया कि वहां से जवाब आया कि सभी एंबुलेंस व्यस्त हैं। इंतजार करना पड़ेगा। घायल सड़क पर तड़प रहा था जिसे देखते हुए स्थानीय लोगों ने ई-रिक्शा बुलाया और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विक्रमजोत पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख घायल को मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर कर दिया। घायल की पहचान दान बहादुर यादव पुत्र जीवन दास यादव निवासी गोरखपुर के रूप में हुई।

